पाठ 10. मातृ-मंदिर

पाठ का उद्देश्य

इस कविता को कंठस्थ कर कक्षा में पूर्ण हाव-भाव सहित सुनाने से बच्चों का शुद्ध एवं लयात्मक उच्चारण का अभ्यास होगा। उनके मन में देशप्रेम की भावना आएगी। वे भारत की विशिष्टताओं से परिचित होंगे। यह कविता उन्हें सर्वधर्म समभाव की प्रेरणा देगी और इस प्रकार उनमें एकता का भाव जागेगा।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को कविता याद करके सुनाने को कहें।
- उनके उच्चारण पर ध्यान दें।
- बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाएँ।
- चार-पाँच बच्चों के समूह बनाकर उन्हें कविता को समूहगान के रूप में गाने को कहें।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। कविता को लय में सुनाने से उनकी संगीत एवं लय संबंधी तथा शारीरिक क्रिया संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। समूह में अपने मित्रों के साथ मिलकर काम करने से उनकी सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।